

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

## पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे को मिली जान से मारने की धमकी


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 ■ अंक : 40 ■ गुरुवार, 18 अप्रैल 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


# ठेकेदार विशाल माखीजा पर जानलेवा हमला



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर कँप 4 स्थित सेंट्रल पार्क होटल के पास महापालिका के सीसी पैसेज का काम ठेकेदार विशाल माखिजा द्वारा किया जा रहा है. विशाल माखिजा बुधवार को मौके पर काम करते समय 15 से 20 युवकों ने ये काम कौन कर रहा है, ऐसा बोलकर पत्थरबाजी शुरू कर दी.

इस घटना में विशाल माखिजा गंभीर रूप से घायल हो गये. सेंट्रल हास्पिटल में उनका उपचार किया जा रहा है. इस मामले की जानकारी मिलते ही सेंट्रल पुलिस ने जांच शुरू कर दी है.

हमले की सारी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई. जिसके जरिए पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है. ठेकेदार विशाल माखिजा राष्ट्रवादी के उल्हासनगर जिल्हाध्यक्ष भरत गंगोत्री के करीबी बताए जा रहे हैं.

# कैम्प-1 इंदिरा गांधी गार्डन परिसर में हो सकता है खेमानी जैसा हादसा!



- ट्रांसपोर्ट मुक्त होगा इंदिरा गांधी गार्डन परिसर?
- चरसी करते हैं दुपहिया वाहनों की चोरी
- ट्रैफिक पुलिस द्वारा अनदेखी
- नियमों को ताक में रखकर बना दिए गए ट्रांसपोर्ट गोदाम



निवासी क्षेत्र को बन गया ट्रांसपोर्ट नगर



भारी वाहन व छोटा हाथी टेम्पो की भरमार

**उल्हासनगर.** कुछ दिनों पूर्व उल्हासनगर-2 स्थित खेमानी परिसर में एक सीमेंट मिक्सर की चपेट में आने से एक नाबालिग युवती की मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद पूर्व नगरसेवक राजेश वधरिया ने ठाणे ट्रैफिक पुलिस उपायुक्त से मिलकर शहर में सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक भारी यानी हैवी वाहनों का प्रवेश बंद करने का पत्र दिया। इस विषय पर ट्रैफिक पुलिस ने शहर में दोपहर 12 से 4 और रात 10 से सुबह 5 बजे तक भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया है।लेकिन यह कानून शहर के लिए हैं शहर में ही कैम्प 1 स्थित इंदिरा गांधी गार्डन परिसर के लिए नहीं है जहां पूरी तरह निवासी क्षेत्र में बसे ट्रांसपोर्टर द्वारा कब्जा किया है उसके लिए यह नियम लागू नहीं होते हैं। दै. उल्हास विकास कार्यालय के पास भारी वाहन व छोटा हाथी टेम्पो की भरमार 24 घंटे देखने को मिलेगी। यहां पर इन ट्रांसपोर्टरों की दो तरफा गाड़ियों की आवाजाही से यहां कभी भी खेमानी जैसा हादसा हो सकता है। लेकिन ट्रैफिक पुलिस इस क्षेत्र को पूरी तरह अनदेखा कर रही है।

ज्ञात हो कि कैम्प 1 स्थित पत्रकार स्व. अशोक बोधा नाना-नानी पार्क के पास इंदिरा गांधी गार्डन परिसर जो कि निवासी (रेसीडेंसियल) परिसर है, यहां पर पूज्य उत्तम पंचायत द्वारा इस परिसर को ट्रांसपोर्ट मुक्त करने के लिए पिछले कई वर्षों से प्रयास किए जा रहे हैं। पूर्व स्थानीय नगरसेविका सरोजनी टेकचंदानी द्वारा भी प्रयास किया गया था बावजूद यहां पर ट्रांसपोर्ट की समस्या बरकरार है। स्थानीय लोगों ने भी ट्रांसपोर्ट चालकों को गोदाम देकर इस परिसर की हालत बद से बदतर बना दी है। यहां पर 24 घंटे सप्ताह के सातों दिन लोडिंग अनलोडिंग का काम चलता है।

इस परिसर को ट्रांसपोर्ट मुक्त कराने की मांग स्थानीय निवासियों ने ठाणे पुलिस आयुक्त, ट्रैफिक पुलिस ठाणे से की है। अन्यथा यहां पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। कई बार इस परिसर में बच्चे खेलते हुए छोटी मोटी हादसों का शिकार हो चुके हैं। यहां पर सरकारी उद्यान इंदिरा गांधी गार्डन का मुख्य द्वार भी इन ट्रांसपोर्ट द्वारा टेम्पो खड़ा कर बंद किया जाता है। मनपा आयुक्त को भी इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है।

### नहीं पहुंच पाते आपातकालीन वाहन

इस परिसर में कोई भी आपात सेवा जैसे एम्बुलेंस अथवा फायर ब्रिगेड इन ट्रांसपोर्ट के कारण अंदर नहीं आ पाती है। पीछे मार्केट परिसर में अगर कोई हादसा हुआ तो ट्रांसपोर्ट की गाड़ियों के कारण भीषण रूप धारण कर सकता है। यहां शाम में सब्जी मार्केट के कारण यह पूरा परिसर जाम रहता है।

### देर रात शराब पीकर हुड़दंग मचाते हैं ड्राइवर

रात में यहां के ड्राइवर शराब पीकर हुड़दंग मचाते हैं लेकिन स्थानीय निवासियों की आवाज पुलिस तक नहीं पहुंच पा रही है। जिस कारण इस परिसर में चरसी युवक आकर बैठते हैं और दुपहिया वाहनों की चोरी करते हैं। नियमों को ताक में रखकर यहां पर निवासी क्षेत्र को ट्रांसपोर्ट नगर में तब्दील कर दिया गया है।

# मांगरूल गांव में गावठी शराब का अड्डा ध्वस्त

- हाथभट्ठी पर पुलिस का छापा
- 1.39 लाख रुपए का माल जब्त



फाइल फोटो

**उल्हासनगर.** हिललाइन पुलिस थाना अंतर्गत मांगरूल गांव में अवैध रूप से बनाई जा रही देशी शराब की हाथभट्ठी पर पुलिस ने छापा मारा. यहां से पुलिस ने दारू बनाने के काम आने वाले रसायन व अन्य सामग्री मिलाकर कुल 1 लाख 39 हजार 100 रुपए का माल जब्त किया है और एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

जानकारी के अनुसार हिललाइन पुलिस ने मंगलवार की शाम को 4 बजे के करीब मांगरूल गांव के पीछे खदान के पास एक खाली जगह पर अवैध रूप से बनाई जा रही देसी शराब के अड्डे पर छापा मारा. यहां पर हाथभट्ठी पर दारू बनाई जा रही थी. वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली के मार्गदर्शन में, शेखर भावेकर, राजेंद्र थोरवे, योगेश वाघ, विक्रम जाधव की एक टीम ने उस स्थान पर छापा मारा और 1 लाख 39 हजार रुपये मूल्य की लगभग 2,600 लीटर गावठी शराब को मौके पर ही नष्ट कर दिया। आरोपी चंद्रकांत मढवी मौके से फरार हो गया. उसके खिलाफ पुलिस ने महाराष्ट्र दारूबंदी अधिनियम 1949 की धारा 65 (क) के तहत अपराध दर्ज किया है. पुलिस नाईक पादीर जांच कर रहे हैं.

# उल्हासनगर में धड़ल्ले से चल रहे डांस बार

- उल्हासनगर कांग्रेस ने की डांस बारों पर कार्रवाई करने की मांग
- पुलिस प्रशासन ने पत्र द्वारा दिया आश्वासन







**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में चल रहे डांस बार का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है. उल्हासनगर शहर के कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने एक बार फिर शहर में चल रहे अवैध डांस बारों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है. विदित हो कि शहर में कानून व्यवस्था की समस्या और हंड्रेड डेज बार में ग्राहकों पर हुए हमले का उल्लेख करते हु उल्हासनगर शहर के जिला अध्यक्ष रोहित साल्वे ने 15 फरवरी को एक लिखित पत्र के माध्यम से पुलिस उपायुक्त परिमंडल-4 को शिकायत दी थी.

उक्त पत्र पर संज्ञान लेते हुए पुलिस प्रशासन ने 28 मार्च को उल्हासनगर शहर के जिला अध्यक्ष रोहित साल्वे ने एक पत्र दिया है. उक्त सहमति पत्र में सेंट्रल पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत डांस बार वर्षा, चांदनी, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ, पैराडाइज, आंचल, आशियाना हैं और सेंट्रल पुलिस के अंतर्गत दो अपराध जांच दल और 4 बिट मार्शल हैं और उक्त डांस बार के मालिकों द्वारा किसी भी तरह के कानून के उल्लंघन की जानकारी मिलने पर पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई किए जाने की जानकारी दी गई है.

2023 में कल्याण-अंबरनाथ रोड स्थित डब्ल्यूडब्ल्यूएफ बार पर कानूनों के उल्लंघन के संबंध में 31 आरोपों के साथ मामला दर्ज किया गया है. वहीं आंचल बार विठ्ठलवाड़ी स्टेशन रोड पर भी मुकदमा दायर किया गया है और 10 आरोपियों के साथ मामला दर्ज किया गया है. इसके आगे भी कानून के किसी भी उल्लंघन के मामले में उनके खिलाफ कार्रवाई की जानकारी दी गई है.

उल्हासनगर कांग्रेस ने पुलिस प्रशासन की तत्परता का स्वागत किया है और नागरिकों से भी अपील की है कि यदि उनके क्षेत्र में कोई अवैध डांस बार चल रहा है, या किसी ग्राहक को परेशान किया जा रहा है, तो आप बिना डरे नजदीकी पुलिस स्टेशन में इसकी सूचना दें. शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए, उल्हासनगर कांग्रेस की ओर से नागरिकों का उचित समर्थन किया जाएगा।

## 1.60 लाख रुपए के गहने चोरी

**अंबरनाथ.** जूना भेंडी पाड़ा, मटका चौक के पास रहनेवाली एक महिला के घर से 1 लाख 60 हजार रुपए के 40 ग्राम सोने के गहने चोरी हो गए. महिला ने 2 संदिग्ध लोगों के खिलाफ अंबरनाथ पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फिर्यादी महिला शबाना इमरान शेख (39) 16 अप्रैल को अपने किसी रिश्तेदार के घर गई हुई थी. इस दरम्यान उनके घर से 1 लाख 60 हजार रुपए की 40 ग्राम के सोने के गहने चोरी हो गए. शबाना शेख ने संदिग्ध आरोपी शबाना हुसेन सय्यद (27) और मैरून्निसा समीउल्ला सय्यद के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज कराई है. अंबरनाथ पश्चिम पुलिस ने भादंसं की धारा 380 के तहत अपराध दर्ज किया है.

# अंबरनाथ में तरबूज महोत्सव

- लोगों में दोपहर की गरमी में तरबूज, ठंडा पानी बांटा गया
- अंबरनाथ मानव सेवा संघ, अंबरनाथ व्यापारी संघ ने किया आयोजन



उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ मानव सेवा संघ और अंबरनाथ व्यापारी संघ द्वारा बुधवार को तपती गरमी में शहरवासियों में तरबूज, ठंडा शरबत एवं गुड वितरित किया गया. गत कुछ दिनों से पारा 41 से 43 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाने के कारण लोग परेशान हैं. बार-बार प्यास लग रही है. इस प्यास को बुझाने का कार्य गरमी में किया गया. लोगों ने भी तरबूज खाकर और शरबत पीकर राहत की सांस ली. मानव सेवा संघ के अरविंद वालेकर की संकल्पना से बुधवार को तरबूज महोत्सव मनाया गया. उसके साथ व्यापारी संघ अध्यक्ष खानजी धल और उनके पदाधिकारी थे. गत दिनों शहर पूर्व में शिवाजी चौक पर ठंडे पानी के कई कैन मानव सेवा संघ की ओर से रखे गए थे. उसी स्थान पर तरबूज महोत्सव मनाया गया. सेवा संघ एवं व्यापारी संघ के रूप सिंह धल ने इस महोत्सव को सफल बनाने के लिए प्रयास किया. यहां पर तरबूज को काटकर उस पर डिजाइन बनाए गए थे. एक तरबूज पर श्रीराम लिखा गया था. मानव सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट एवं व्यापारी संघ के पदाधिकारियों के अलावा मनिषा वालेकर, राजेश वालेकर, उनके कार्यकर्ता, व्यापारी संघ के हितेश कोठारी, वसंत नागडा, मंजू धल, भगवानजी भाई आदि उपस्थित थे.

# 807 पार्टीशन कक्ष के मतदान केंद्रों पर वोट डालेंगे मतदाता

- पक्के बूथों की कमी



**ठाणे.** जिले के 65 लाख मतदाताओं के मतदान के लिए 6592 मतदान केंद्रों की व्यवस्था की गई है. इनमें से अधिकतर 5 हजार 116 मतदान केंद्र इमारतों में हैं. वहीं कई जगहों पर पतरे, प्लायबोर्ड से तैयार पार्टीशन के रूम में 807 मतदान केंद्र तय किए गए हैं। यह पता चला है कि मंडप में 633 मतदान केंद्र हैं और चुनाव विभाग द्वारा इस वर्ष हाउसिंग सोसायटियों में 36 मतदान केंद्रों की व्यवस्था की गई है।

चुनाव आयोग ने जिले के तीन लोकसभा क्षेत्रों ठाणे, कल्याण और भिवंडी के लिए छह हजार 592 मतदान केंद्रों की व्यवस्था की है, जहां 20 मई को मतदान होंगे। इसमें मूल मतदान केन्द्र 5 हजार 524 हैं। जबकि विभिन्न स्थानों पर 68 सहायक मतदान केंद्र निर्धारित किये गये हैं. जिले भर के 18 विधानसभा क्षेत्रों में इन मतदान केंद्रों की व्यवस्था की गई है। बताया गया है कि पार्टीशन के बनाए रूम में 807 मतदान केंद्र शामिल हैं. इनके साथ-साथ सरकारी भवनों और ऐसे स्थानों पर जहां स्कूल नहीं हैं, वहां मंडप लगाकर 633 मतदान केंद्र बनाये गये हैं.

जिले की इन 18 विधानसभाओं में से प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में छह-छह विधानसभाएं शामिल हैं। इनमें से 65 लाख एक हजार 671 मतदाता अपने नजदीकी मतदान केंद्रों पर वोट डालेंगे. इन 6 हजार 592 मतदान केन्द्रों की व्यवस्था जिले भर में 1 हजार 931 स्थानों पर की गई है। इसमें 68 सहायक मतदान केंद्र और 22 महिला मतदान केंद्र भी शामिल हैं. इसके अलावा एक युवा मतदान केंद्र और छह संवेदनशील मतदान केंद्र सहित 18 दिव्यांग मतदान केंद्र हैं।

## तड़ीपार युवक गांजा का सेवन करते धराया

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर से 2 साल के लिए तड़ीपार किए गए आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को मधुबन चौक के पास से गांजे का सेवन करते हुए पकड़ा.

आरोपी विनोद भीमराव मोरे (29) को पुलिस उप आयुक्त परिमंडल-4 के आदेशानसार 27 मार्च 2023 को ठाणे जिला, मुंबई शहर, उपनगर व रायगड़ तालुका के कर्जत व पनवेल तालुका से 2 साल के लिए तड़ीपार किया गया है. लेकिन विनोद तड़ीपारी आदेश का उल्लंघन कर उल्हासनगर में ही रह रहा था. पुलिस कांस्टेबल अनिल लक्ष्मण खरसाण ने मंगलवार को 12.20 बजे के करीब विनोद को मधुबन चौक, सी-ब्लाक रोड, उल्हासनगर-1 से पकड़ा. उस समय उसने गांजे का सेवन किया हुआ था. पुलिस ने उसके पास से एक तलवार भी जब्त किया है.

# अंबरनाथ में बिठाए गए सार्वजनिक पोर्टेबल शौचालय

- सुनिल चौधरी का प्रयास सफल

यूसुफ शेख





**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व और पश्चिम में पोर्टेबल शौचालय बिठाने का कार्य शुरू हो चुका है. शहर पूर्व में बी. केबिन रोड पर तथा पश्चिम में के.बी. रोड, शास्त्री हिंदी विद्यालय के समक्ष अत्याधुनिक पोर्टेबल सार्वजनिक शौचालय रखे गए हैं. गत दिनों अंबरनाथ के पूर्व नगराध्यक्ष सुनिल चौधरी ने ये घोषणा की थी कि सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे की सूचना के अनुसार जल्द ही अंबरनाथ में पोर्टेबल शौचालय बिठाए जाएंगे. उस सूचना को सुनिल चौधरी ने पूरा किया है. हमने भी शहर में शौचालय की कमी के मसले को बार-बार अखबार के माध्यम से उठाया था. पत्रकार गणेश गायकवाड़ ने भी नपा को पत्र देकर अवगत कराया था. सुनिल चौधरी ने कहा है कि शहर में और 5 पोर्टेबल शौचालय रखे जाएंगे. शहर में ये एक अच्छी शुरूआत समझी जा रही है क्योंकि कई जगहों से शौचालय तोड़ दिए गए हैं. कुछ जगहों पर जैसे गांवदेवी मंदिर पश्चिम के पास के शौचालय को तोड़ने के बाद यहां पर अवैध दुकानें बन गईं. शौचालय तोड़े गए लेकिन नए शौचालय नहीं बनाए गए, जिसके कारण लोग यहां-वहां खड़े होकर लघुशंका कर रहे थे. पोर्टेबल शौचालय लग जाने के कारण अब शहरवासियों को सुविधा होगी.

# अंबरनाथ में रामनवमी उत्साह के साथ मनाया गया

- भजन-कीर्तन व जुलूस निकाले गए

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में राम जन्मोत्सव हर्ष व उल्लास के साथ बड़े पैमाने पर मनाया गया. शहर पश्चिम कोहोजगांव के पुराने राम मंदिर में गत तीन दिनों से भजन कीर्तन कार्यक्रम जारी रहा. बुधवार को शानदार जुलूस निकाला गया, जिसमें हजारों रामभक्त शामिल हुए.

मिलिंद पाटिल, प्रदीप पाटिल, उमेश पाटिल और कोहोजगांव ग्रामस्थ की ओर से परंपरा अनुसार राम मंदिर के पास जश्न मनाया गया. वांद्रापाड़ा साईभक्त की ओर से श्रीराम नवमी पर महापूजा का आयोजन हुआ. साईबाबा के पादुका की पालखी जुलूस निकाला गया. यहां पर महाभंडारा का भी आयोजन किया गया. ऐसी जानकारी अनिल गायकवाड़ ने दी है. शहर पूर्व वडवली विभाग में श्रीराम नवमी पर सामूहिक रामरक्षा पठन, भजन, श्रीराम भक्ति गायन और वेशभूषा स्पर्धा का आयोजन कर पारितोषिक वितरण किए गए. पूर्व में श्रीराम नवमी उत्सव समिति श्रीराम मंदिर सेवा संस्था द्वारा श्रीराम नवमी उत्सव का आयोजन हुआ.

पूजा अभिषेक, राम जन्म के कीर्तन का भी आयोजन किया गया. शहर में श्रीराम के भगवे झंडे लहराते हुए भक्तों ने इस वर्ष अयोध्या में श्रीराम मंदिर के भव्य दिव्य बन जाने पर खुशियां मनाई.

# उल्हासनगर में शरणार्थियों के लिए CAA सुविधा केंद्र शुरू



**उल्हासनगर.** सिंधी समाज के बीच राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत संस्था भारतीय सिंधु सभा के माध्यम से पाकिस्तान अफगानिस्तान बांग्लादेश से भारत आए शरणार्थियों के लिए भारत सरकार द्वारा बनाए गए नियम व कानून की जानकारी देने के लिए उल्हासनगर में भारतीय नागरिकता सहायता केंद्र (CAA) श्री रामनवमी के शुभ अवसर पर 17 /4/24 को कार्यालय का उदघाटन किया गया, जहां पर पाक बांग्लादेश से आए लोगों को सारी जानकारी की मदद मिलेगी.

उदघाटन के वक्त भारतीय सिंधु सभा के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य दादा लाधाराम नागवानी, उक्त केंद्र को शुरू करने में अहम भूमिका निभाने वाले महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी के कार्याध्यक्ष श्री महेश सुखरामानी,भारतीय सिंधु सभा उल्हासनगर मंडल 3 के अध्यक्ष राजेश अमरनानी, मंडल 2 के अध्यक्ष बंटी सुखेजा, धनवनी नागपाल आदि मान्यवर उपस्थित थे.

# राजू सोनावणे के नेतृत्व में निकली भव्य बाइक रैली





**उल्हासनगर.** डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की 133वीं जयंती के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य बाइक रैली का आयोजन राजू सोनावणे द्वारा किया गया। जिसमें सभी दल के नेता व कार्यकर्ता के साथ भीम सैनिकों का जमावड़ा उमड़ा। श्री सोनावणे ने कहा कि पिछले वर्ष से भी ज्यादा इस रैली का प्रतिसाद मिला और बिना किसी राजकरण के भीम सैनिकों ने इस रैली को सफल बनाया। इस रैली में बड़ी संख्या में बाइकर्स व रिक्शा चालकों ने हिस्सा लिया। श्री सोनावणे ने उम्मीद जताई है कि जिस तरह इस रैली को सफल बनाने में लोगों का साथ रहा वही साथ आने वाले समय में भी बरकरार रहे।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

## संपादकीय

### राजधानी में सड़क पर हिंसा

पिछले कुछ समय से मामूली बातों पर जिस तरह लोगों के बीच हिंसक टकराव और हत्या तक के मामले सामने आने लगे हैं, उससे यही लगता है कि अब लोगों के लिए घर से काम पर जाना और सुरक्षित वापस लौटना एक चुनौती बन गया है। दूसरी मुश्किल यह है कि देश की राजधानी होने के बावजूद दिल्ली की कानून-व्यवस्था एक तरह से कठघरे में है, जहां अपराधी बेलगाम हैं। साधारण बात पर हुए जो विवाद आसानी से सुलझा लिए जाने चाहिए, उनमें किसी की जान तक चली जाती है।

गौरतलब है कि दिल्ली के लालकिला इलाके में रविवार को देर रात करीब दो बजे एक ई-रिक्शा और कैब के बीच हल्की टक्कर हो गई। उस झगड़े में कुछ अपराधी तत्त्व भी कूदे और उन्होंने कैब चालक की गोली मार कर हत्या कर दी। वहीं फुटपाथ पर मौजूद एक अन्य युवक को भी गोली लगी और वह बुरी तरह घायल हो गया। इससे एक बार फिर यही जाहिर हुआ कि सड़क पर सफर अब एक जोखिम बन गया है।

दिल्ली में इस तरह की यह कोई अकेली घटना नहीं है। आए दिन सड़क पर वाहनों के बीच हल्की टक्कर या किसी साधारण बात पर विवाद के बाद हिंसक घटनाएं सामने आती रहती हैं। इसके अलावा, ताजा घटना में जिन लोगों ने कैब चालक पर गोली चलाई, जाहिर है, वे अपने साथ घातक हथियार लेकर बेखौफ सड़क पर चल रहे थे। जबकि राजधानी होने के नाते दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था को ज्यादा चौकस बताया जाता है। उम्मीद की जाती है कि यहां पुलिस की सक्रियता से अपराधी तत्त्वों के भीतर खौफ होगा। मगर हकीकत है कि भीड़ के सामने एक अपराधी ने पिस्तौल से गोलीबारी की।

विडंबना यह भी है कि इस तरह की वारदात के समय घटनास्थल पर जमा भीड़ को जहां अपराधियों को काबू में करना और पुलिस को सूचना देनी चाहिए, वहां ज्यादातर लोग मूकदर्शक बन जाते या स्मार्टफोन से वीडियो बना रहे होते हैं। दिल्ली में कैब चालक की हत्या न केवल सड़क पर मामूली बात पर जानलेवा हिंसा की घटना है, बल्कि इससे अपराधी तत्त्वों के बेखौफ होने और कानून व्यवस्था की खामियों का भी पता चलता है।

# बहुत कष्टकारी है उत्तरकाल की यह 'गरीबी'



हमें स्कूलों में पढ़ाया गया कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। हम प्राणी तो बने रहे, पर बहुत ही कृत्रिम, भौतिकवादी और आत्मकेंद्रित बन गए। इसका दोषी तकनीक, लालच और बेसब्री या फिर तीनों के संयोजन को मान सकते हैं। संयुक्त परिवार से एकल और फिर संक्षिप्त परिवार बन गए। संयुक्त परिवार का अलग ही रुतबा और फायदा था, जहां मजबूत सहयोगी तंत्र और भावनात्मक जुड़ाव था। बुजुर्गों के पास परिवार को देने के लिए ज्ञान था। तीस-चालीस वर्ष के युवा ऊर्जा बांटते, तो बच्चों की हंसी और मासूमियत परिवार में रौनक बिखेर देती थी।

वर्तमान में सुखवाद चरम पर है। मैं, मुझे, मेरा और मेरी जिंदगी फैशन में है। समायोजन को हेय दृष्टि से देखा जाता है। अवज्ञा और अनादर या वाद-विवाद को आधुनिक माना जाता है। बच्चे विदेश चले जा रहे हैं। उनके पास माता-पिता के लिए समय नहीं है। कुछ अपने ही देश में दूसरे शहरों में रहने लगे हैं, उनके पास भी समय नहीं है। माता-पिता बच्चों से जुड़े रहना चाहते हैं, लेकिन बच्चे नहीं। तीन-चार दशक पहले भारत में तलाक कम होते थे। समाज इसे कतई स्वीकार नहीं करता था। लोग वैवाहिक जीवन के पचास वर्ष साथ रहकर गुजार देते थे। पर आजकल यह कहना फैशन है कि हमने अपनी शादी को बचाए रखने की बहुत कोशिश की, लेकिन निभ न सकी। तर्क दिया जाता है कि विवाह बेमेल था। बेमेल विवाह पहले भी होते थे, पर मेल-मिलाप की भरसक कोशिश की जाती थी।

ज्यादा कमाने का लालच हमारे युवा जोड़ों को दूसरे देशों या शहरों में ले गया। लेकिन उनके माता-पिता अपने मूल देशों या कस्बों में अकेले रह गए। एकल परिवार का विचार सबसे पहले पश्चिम में आया, जो धीरे-धीरे पूर्व तक जा पहुंचा, जहां संयुक्त परिवार की जीवन-शैली थी। युवा जोड़ों को खुद की आजादी और चिंतामुक्त जीवन तो मिला, लेकिन अभिभावकों से मिलने वाला भावनात्मक लगाव छिन गया। हालांकि अब अमेरिकियों की भी सोच बदल रही है और वे संयुक्त परिवार में रहना चाहते हैं।

इस वजह से भारत में वृद्धाश्रमों की वृद्धि हुई है। इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल करने वालों को सब्सिडी दी जानी चाहिए। वृद्धाश्रम का नाम ही डरावना होता है। बेहतर और उज्ज्वल जीवन की तलाश में पूरा जीवन निकल जाता है। उम्र बढ़ने के साथ मनुष्य बुद्धिमान और भावुक हो जाता है और कई बार इतना भावुक हो जाता है कि यह सोचने लगता है कि यह सब किसके लिए कमाया।

सामूहिक जीवन का सबसे बड़ा लाभ यह है कि हम अकेलेपन से बच जाते हैं। पश्चिमी समाज आज बहुत अकेला है। अकेलापन बहुत बड़ा दुश्मन है। वरिष्ठ नागरिक इसका प्रतिदिन सामना करते हैं। उनके पास धन और ज्ञान तो खूब है, लेकिन इसे साझा करने के लिए कोई नहीं। समाज संक्रमण के दौर से गुजर रहा है। अलग-अलग समूहों की समस्याएं भी भिन्न-भिन्न हैं।

मदर टेरेसा ने कहा है कि सबसे भयानक गरीबी अकेलापन और प्यार की भावना का न होना है। बच्चों या समाज की ओर से त्यागे गए, आर्थिक रूप से कमजोर लोग आश्रय से ज्यादा अपने अस्तित्व के लिए भटकते हैं। संतोष की बात है कि ऐसे लोगों के लिए एनजीओ और धर्मार्थ संगठन काम करते हैं। जिनके पास पैसा है, वे सेवानिवृत्ति के बाद आरामदायक जीवन के लिए भुगतान करके फाइव स्टार सुविधा हासिल करते हैं। एक चलन यह भी है कि समान विचारधारा वाले बुजुर्ग एक बड़ा-सा घर साझा करते हैं, जिससे बिजली और किराये जैसे खर्च में राहत मिलती है। साथ ही वे एक-दूसरे की देखभाल भी कर सकते हैं।

कुछ महिला और पुरुष अकेले ही रहना चाहते हैं। कुछ ऐसे भी हैं, जो एक-दूसरे का साथ तो चाहते हैं, लेकिन साथ रहेंगे नहीं। इसे अलग ढंग से देखें, तो अकेलापन दूर करने का एक प्रेमालाप है। दुनिया भर की सेना या सशस्त्र बलों के अधिकारियों का आधा जीवन मेस में ही गुजर जाता है। सेना में अधिकारियों की रैंक के अनुसार मेस होती है। समान आयु वालों के साथ भोजन करते हैं। इसलिए हम वरिष्ठ नागरिकों की आवास इकाइयों को होस्टल या मेस के रूप में देख सकते हैं। जापानी लेखक हारुकी मुराकामी ने लिखा है कि लोगों को इतना अकेला क्यों रहना पड़ता है? इसका मतलब क्या है? इस दुनिया में लाखों लोग अपनी संतुष्टि के लिए दूसरों की ओर देख रहे हैं, फिर भी खुद को अलग-थलग कर रहे हैं। क्यों?





हमारे भीतर आत्मा की असीम शक्ति व ऊर्जा मौजूद है।


- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# चुनाव में धनबल की ताकत, पारदर्शिता पर सवाल

चुनावों में धनबल के बढ़ते चलन को लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। इसे रोकने के लिए सरकार और भारत निर्वाचन आयोग सतत प्रयत्नशील देखे गए हैं। मगर हकीकत यही है कि इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगने के बजाय यह हर बार कुछ बढ़ी हुई ही दर्ज होती है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस बार आम चुनाव के पहले चरण का मतदान हुआ भी नहीं है और अब तक चार हजार छह सौ पचास करोड़ रुपए मूल्य की जब्ती की जा चुकी है। यह पिछले आम चुनाव में हुई कुल तीन हजार चार सौ पचहत्तर करोड़ रुपए मूल्य की जब्ती से बहुत अधिक है।



निर्वाचन आयोग का कहना है कि मार्च से जब्ती का सिलसिला शुरू हुआ और अब तक हर रोज करीब सौ करोड़ रुपए मूल्य की जब्ती की जा रही है। अभी तक की गई जब्ती में करीब पैंतालीस फीसद हिस्सा मादक पदार्थों का है। इसमें केवल तीन सौ पंचानबे करोड़ रुपए नगदी जब्त की गई है। चार सौ नवासी करोड़ रुपए मूल्य की शराब और दो हजार उनहत्तर करोड़ रुपए मूल्य के मादक पदार्थ जब्त हुए हैं।

छिपी बात नहीं है कि चुनावों में काले धन को सफेद करने की कोशिशें तेज हो जाती हैं। राजनीतिक दल बहुत सारे ज्ञात-अज्ञात स्रोतों से चंदा इकट्ठा करते हैं। इसी से पार पाने के लिए चुनावी बांड का नियम बना था। मगर वह भी पारदर्शी साबित नहीं हुआ। उसमें काले धन और संदिग्ध चंदे का प्रवाह देखा गया। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय ने उसे असंवैधानिक करार दे दिया। मगर चुनावी बांड से आए चंदे के हिसाब-किताब से यह तो पता चल गया कि कुछ राजनीतिक दलों के पास भारी मात्रा में धन जमा हो गया है।

जाहिर है, जिन दलों के पास जितना अधिक धन है, वे उतना अधिक खर्च भी करेंगे। मगर चुनाव में मनमाने खर्च से समानता के अवसर का सिद्धांत बाधित होता है। इस पर अंकुश लगाना भारत निर्वाचन आयोग का दायित्व है। अच्छी बात है कि इस दिशा में वह प्रयास कर रहा है। मगर धनबल से जनबल को प्रभावित करने की प्रवृत्ति इस कदर बढ़ती गई है कि प्रत्याशी और पार्टियां न केवल निर्वाचन आयोग द्वारा तय सीमा से अधिक खर्च करने, बल्कि मतदाताओं को चोरी-छिपे नगदी और शराब, मादक पदार्थ, महंगे उपहार आदि देकर प्रभावित करने की कोशिश भी करती हैं। विचित्र है कि इसमें स्थानीय प्रशासन भी उनका सहयोग करता है। इस चुनाव में पार्टियों की मदद करते एक सौ छह सरकारी अधिकारी अब तक पकड़े जा चुके हैं।

इस बार चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले ही निर्वाचन आयोग अवैध धन के प्रवाह पर रोक लगाने के लिए निगरानी दलों के गठन का एलान कर दिया था। अच्छी बात है कि वे निगरानी दल मुस्तैदी से काम कर रहे हैं। मगर केवल जब्ती से राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों की इस प्रवृत्ति को कहां तक रोका जा सकेगा, कहना मुश्किल है। इस तरह मादक पदार्थ और शराब बांट कर वे लोगों को नशे के गर्त में धकेल रहे हैं। जब तक उन पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं होगी, उनमें शायद ही हिचक पैदा हो। मगर निर्वाचन आयोग को एक नख-दंत विहीन शेर बना कर रखा गया है। इसलिए राजनेता और राजनीतिक दल मनमानी से बाज नहीं आते।

# भारत की ये जनजाति है दुनिया में सबसे खतरनाक

**जरा हट के**

क्या आप जानते हैं दुनिया की सबसे खतरनाक जनजाति कौन सी है? इस ट्राइब के लोग आज भी खुद को मुख्यधारा से काटे हुए हैं और अगर कोई इनके क्षेत्र में पहुंच जाए तो उसकी हत्या कर देते हैं? आपको जानकर हैरानी होगी कि ये जनजाति अमेजन वर्षावन या फिर अफ्रीका में नहीं पाई जाती, बल्कि भारत के एक आइलैंड पर इस ट्राइब्स के लोग रहते हैं. अगर गलती से भी कोई यहां चला जाए तो उसका बचना मुश्किल होता है. पिछले 30 हजार साल से ज्यादा समय से ये लोग पूरी दुनिया से अलग-थलग रह रहे हैं. अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर ये आइलैंड है कहां और इसका नाम क्या है? आपको बता दें कि अंडमान के नॉर्थ सेंटिनेल आइलैंड को दुनिया में सबसे खतरनाक माना जाता है. यहां रहने वाली जनजाति खुद को पूरी दुनिया से काटे हुए है. यानी तमाम कोशिशों के बावजूद इन्होंने



मुख्यधारा में जुड़ना उचित नहीं समझा. नॉर्थ सेंटिनल आइलैंड पर रहने वाली जनजाति ने लोगों का ध्यान तब आकर्षित किया, जब उन्होंने 2018 में ईसाई मिशनरी जॉन एलन चाऊ की हत्या कर दी. जॉन ने नॉर्थ सेंटिनल द्वीप को "पृथ्वी पर शैतान का आखिरी गढ़" बताया था. इस जनजाति के लोगों ने पहले भी उन तमाम लोगों की हत्या कर दी, जो इनके द्वीप तक पहुंच गए. ये अकेली ऐसी जनजाति है, जिनके जीवन या अंदरूनी मामलों में भारत सरकार दखल नहीं देती है. साथ ही यहां बाहरी लोगों के जाने पर सरकार ने प्रतिबंध लगा रखा है.

हाल ही में खोजे गए दस्तावेजों से पता चलता है कि सेंटिनल आइलैंड पर रहने वाली जनजाति को बाहरी लोगों के प्रति इतने शत्रुतापूर्ण क्यों हैं. दरअसल, इसकी वजह वे अपहरण, बीमारी और परेशान करने वाली निजी तस्वीरों को बताते हैं. कनाडा में जन्मे औपनिवेशिक प्रशासक मौरिस विडाल पोर्टमैन रॉयल नेवी के आदेश पर थे, जब उन्होंने उत्तरी सेंटिनल द्वीप पर हमला किया. बताया जाता है कि ये हमला सफल नहीं रहा, लेकिन बाहरी लोगों के प्रति इस जनजाति में शत्रुता का भाव पनप गया. हमले के बाद पोर्टमैन 2 सेंटिनली वयस्कों और 4 बच्चों का अपहरण कर लिया और उन्हें दक्षिण अंडमान द्वीप की राजधानी पोर्ट ब्लेयर ले गया.

# करेले की चटनी

**खाना-खजाना**

करेला कई घरों में खाई जाने वाली सब्जी है। भले ही ये स्वाद में थोड़ा कड़वा हो, लेकिन आयरन, कैल्शियम, पोटेशियम, मैग्नेशियम, कॉपर और मैगनीज जैसे कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है। शुगर लेवल को कंट्रोल करने से लेकर पाचन को भी दुरुस्त करने में मदद करता है। आइए ऐसे में आज हम लेकर आए हैं, आपके लिए इसकी नई रेसिपी। ये है करेले की चटनी। जी हां, इसकी सब्जी तो आपने कई बार खाई होगी, लेकिन इस बार हमारी इस रेसिपी से ट्राई करके देखिए इसकी ये टेस्टी चटनी।

**सामग्री :**

- करेला- 250 ग्राम
- हरी मिर्च- 4-6
- नींबू- 1
- काला नमक- 1/2 टीस्पून
- नमक- स्वादानुसार

**विधि :**

करेले की चटनी बनाने के लिए सबसे पहले इसे अच्छी तरह से धोकर साफ कर लें। अब इन इन्हें को साफ और सूती कपड़े से पोंछ लें। इसके बाद इनकी दोनों साइड के डंठल को काटकर अलग कर दें।



अब एक छिलनी की मदद से करेले के ऊपर से मोटे-मोटे छिलके उतार लें। इसके बाद इन छिलकों को एक बार साफ पानी में धोकर एक बर्तन में निकाल लें।

अब इन्हें नमक के पानी में करीब 15-20 मिनट तक भिगोकर रख दें। इसके बाद इन छिलकों को पानी से निकालकर मिक्सर जार में डालकर पीस लें। अब इसमें हरी मिर्ची, काला नमक और नींबू का रस भी एड करें। इसके बाद इसे मिक्सर जार की मदद से पीसकर एक बाउल में निकाल लें।

बस तैयार है आपकी स्वादिष्ट करेले की चटनी।

# अखरोट को भिगोकर खाने के लिए क्यों दी जाती है सलाह?

जब भी ड्राई फ्रूट्स को खाने की बात आती है तो बादाम के बाद सबसे ज्यादा फायदेमंद ड्राई फ्रूट्स अखरोट को माना जाता है। इसमे काफी ज्यादा मात्रा में न्यूट्रिशन तत्व होते हैं। एंटीऑक्सीडेंट्स् के साथ ओमेगा 3 फैटी एसिड का रिच सोर्स अखरोट को माना जाता है। जो हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद होने के साथ ही शरीर में सूजन की समस्या को भी खत्म करता है। लेकिन अखरोट को खाने के पहले भिगोने की सलाह दी जाती हैं। जानें इसके कारण।

## अखरोट को खाने का सही तरीका

एक्सपर्ट्स के मुताबिक अखरोट को खाने का बेस्ट तरीका इसे भिगोकर सुबह सबसे पहले खाना है। इससे अखरोट के ज्यादा से ज्यादा फायदे शरीर को मिलते हैं। जानें अखरोट भिगोने से शरीर पर क्या असर पड़ता है।

## अखरोट खाने से होने वाले फायदे

अखरोट का ब्रेन जैसा शेप इसे दिमाग के लिए जरूरी बनाता है। बच्चों से लेकर बूढ़ों की मेमोरी शार्प करने के लिए इसे रोजाना खाने की सलाह दी जाती है।

## इम्यूनिटी बूस्ट

एंटीऑक्सीडेंट्स और जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर होने की वजह से अखरोट को जब हम रोजाना खाते हैं तो ये शरीर के इम्यूनिटी सिस्टम को सही रखने में मदद करता है।

## स्किन के लिए भी है फायदेमंद

अखरोट में विटामिन ई और पॉलीफेनॉल्स जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। जो हमे अल्ट्रा वॉयलेट किरणों से बचाने में मदद करते हैं। गर्मियों में स्किन को इन यूवी रेज से बचाने में अखरोट हेल्प करते हैं।

## जोड़ों के दर्द में आराम

जिन लोगों को जोड़ों के दर्द और कमजोर हड्डियों की शिकायत रहती हैं। उन्हें अखरोट को नियमित रूप से खाना चाहिए। ये हड्डियों को मजबूत बनाने और जोड़ों में लूब्रिकेंट्स को बढ़ाता है। जिससे ज्वाइंट्स के घिसने की वजह से होने वाले दर्द में राहत मिलती है।



## सूजन कम करता है

ज्यादातर क्रॉनिक बीमारियों का कारण शरीर में होने वाली सूजन और ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस है। अखरोट में पाया जाने वाला पॉलिफेनॉल सूजन और शरीर में हो रहे ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से लड़ने में मदद करता है।

## एनर्जी देने और वेट लॉस में मदद

इसके साथ ही भीगे अखरोट में हेल्दी फैट्स, फाइबर, प्रोटीन की मात्रा शरीर आसानी से अब्जॉर्ब कर लेता है। जिसकी वजह से शरीर को एनर्जी तेजी से मिलती है। साथ ही ये पेट भरने में मदद करता है। जिससे वेट लॉस में मदद मिलती है।

## शरीर को मिलते है सारे जरूरी पोषण

अखरोट को भिगोकर खाने से इसका पाचन आसान हो जाता है। साथ ही बॉडी में इसके जरूरी पोषक तत्व भी पहुंचते हैं। यहीं नहीं अखरोट को अगर सुबह और सोने के पहले खाया जाए तो ये नींद को बेहतर करने में मदद करता है। अखरोट में मेलाटोनिन की मात्रा होती है। एक तरह का हार्मोन जो ब्रेन में अंधेरे को देखकर प्रोड्यूस होता है और नींद को बढ़ावा देता है।

## आज का राशिफल

**मेष :** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। शत्रु परेशान करेंगे। हानि नहीं पहुंचा पाएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। चोट व रोग से बचें। विवाद न करें। आवश्यकताएं बढ़ेंगी। आर्थिक तंगी हो सकती है। कर्ज से बचें।

**वृषभ :** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। बकाया वसूली होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद न करें। नेत्र पीड़ा की संभावना। कुछ लाभ। यात्रा के योग टलेंगे। विरोधी सक्रिय होंगे। ज्ञानीजनों से मुलाकात होगी। शांति बनाना आवश्यक है। अकारण भय व्याप्त होगा।

**मिथुन :** कार्यप्रणाली में सुधार होगा। योजना फलीभूत होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। यात्रा के योग बनेंगे। लाभ होगा। राज्य से परेशानी हो सकती है। स्त्री को कष्ट। जायदाद वृद्धि के योग बनेंगे। विरोधी सक्रिय होंगे।

**कर्क :** राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बढ़ेगी। हानि-लाभ का वातावरण बनेगा। पराक्रम बढ़ेगा। विजय मिलेगी, गर्व न करें। ईमानदारी से कार्य करते रहें। समय पक्ष का है। यात्रा में हानि। विरोधी कष्ट देंगे।

**सिंह :** चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा। जल्दबाजी न करें। कष्ट होंगे। खर्च बढ़ेंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। धनागम के अवसर बनेंगे। 'आ बैल मुझे मार' की स्थिति निर्मित न होने दें। भय बना रहेगा। सोच-समझकर निर्णय लें।

**कन्या :** कोर्ट व कचहरी के कार्य बनेंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। हानि, भय, कष्ट का वातावरण बनेगा। कुछ लाभ के आसार दिखेंगे। दुखद समाचार मिलने की संभावना है। अस्वस्थता होगी। कुसंग से हानि, कुछ लाभ के आसार दिखेंगे।

**तुला :** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। थकान महसूस होगी। रोजगार में वृद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। कष्टों में वृद्धि के योग हैं। कुछ नए कार्य की संभावना सिद्ध होगी। कष्टों में निवृत्ति नहीं होगी। कलह से बचना होगा। अधिकार के लिए प्रयत्न करना होगा।

**वृश्चिक :** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। व्यवसाय मनोनुकूल लाभ होगा। रोग घेरेंगे। चिंताएं बढ़ेंगी। शत्रु शांत होंगे। अपमान, कष्ट, कलह से बचना होगा। राज्य से लाभ के अवसर बढ़ेंगे। शत्रु परेशान करेंगे।

**धनु :** दौड़-धूप अधिक होगी। बुरी सूचना मिल सकती है। विवाद न करें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अकारण भय व्याप्त होगा। शत्रु शांत होंगे। वाहन देखकर चलाएं। परिस्थितियां अनुकूल होंगी। कुछ विरोध होगा। शांति होगी।

**मकर :** मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। घर-बाहर पूछ-परख बनी रहेगी। मातृपक्ष से परेशानी होगी। दुर्घटना की संभावना। धन मिलने की परिस्थिति निर्मित होगी। अंतरप्रेरणा से कार्य करें। धनागम के अवसर बढ़ेंगे।

**कुंभ :** भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रु शांत होंगे। कष्ट-भय की संभावना, अस्वस्थता, आलस्य का अनुभव करेंगे। धनागम होगा। शरीर शिथिल होगा। शत्रु शांत रहेंगे। लाभ-हानि बराबर रहेंगे।

**मीन :** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ होगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। शुभ समाचार की आशा बंधेगी। शत्रु षड्यंत्र रचेंगे। सावधान रहने की आवश्यकता है। पराक्रम दिखलाने का अवसर है। लाभ होगा। रिश्वत न लें। नम्रता बनाए रखें।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# शुगर और कोलेस्ट्रॉल का दुश्मन है करेला

## 3 महीने में बदल जाती है खून की क्वालिटी

स्वाद में बेहद कड़वी, लेकिन सेहत के लिए जबरदस्त यह सब्जी, दवा की तरह हमारे शरीर की कई परेशानियों को बड़ी आसानी से बाहर निकाल फेकती है. यह हमारे शरीर में खून की क्वालिटी को सुधारने, शुगर लेवल को कंट्रोल करने और कोलेस्ट्रॉल की समस्या को दूर करने में काफी असरदार है. आइए जानते हैं इसके फायदों को.

करेले का नाम आते ही लोग मुंह बना लेते हैं. बहुत कम ही लोग



ऐसे हैं जिन्हें करेला पसंद है. करेले में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं जो इंसान के शरीर की कई तरह की परेशानियों को बड़ी आसानी से दूर करने का काम करता है.

हेल्थलाइन के मुताबिक, करेले में भरपूर मात्रा में विटामिन ए, विटामिन सी, फाइबर, फॉलेट, पोटैशियम, जिंक और आयरन पाया जाता है जो शरीर में किसी तरह के नुकसान को हील करने, डिटॉक्स करने से लेकर बड़ी बीमारियों के खतरों को भी दूर रखने में मदद करता है.

एक शोध में तो यह भी पाया गया है कि अगर इंसान तीन महीने तक करेले का सेवन करे तो उसके डायबिटीज की समस्या में तेजी से सुधार नजर आएगा और यह ब्लड में शुगर लेवल को कम करने के साथ साथ हीमोग्लोबिन को भी



सुधारने में मदद कर सकता है. इस तरह यह लॉन्ग टर्म ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल करने का काम कर सकता है.

केरेले में कैंसर से प्रोटेक्शन देने वाली प्रॉपर्टीज भी पाई गई है. शोध में पाया गया है कि अगर करेले का सेवन करें तो यह कैंसर सेल्स को बढ़ने से रोकता है और पेट, कोलन, लंग्स, ब्रेस्ट कैंसर सेल्स के अगेन्स्ट काम करता है.

करेले के सेवन से बैड कोलेस्ट्रॉल लेवल को भी कम करने में मदद मिल सकती है. अगर आप कोलेस्ट्रॉल की समस्या से परेशान हैं तो अपने डाइट में करेले को शामिल कर लें. यह एलडीएल को बढ़ने से रोकता है जिससे हार्ट, आर्टरी में ब्लड पंप करने की परेशानी दूर रहती है और हार्ट अटैक या स्ट्रोक का खतरा नहीं रह



जाता.

करेले में फाइबर भी भरपूर मात्रा में पाया जाता है. फाइबर कब्ज की परेशानी को दूर करता है, आंतों को साफ करता है, डायजेशन बढ़िया करता है, वजन कम करने में मदद करता है, लंबे समय तक पेट को भरा रखने और भूख को रोकने का भी काम करता है.

आप इसकी सब्जी तो बनाकर खा ही सकते हैं, इसे अन्य वेजिटेबल के साथ मिलाकर जूस के रूप में भी पी सकते हैं. आप चाहें तो इसे अंडे या पनीर में लहसुन, टमाटर के साथ मिलाकर या पकोड़े बनाकर भी खा सकते हैं. हालांकि अगर आप ब्लड शुगर लो करने की दवा खाते हैं, किसी तरह की सेहत से जुड़ी परेशानी है या प्रेगनेंट हैं तो अपने डॉक्टर की सलाह के बाद ही इनका इस तरह सेवन करें.

# वेट को रखता है कंट्रोल सत्तू

## बॉडी को रखें कूल

बढ़ती गर्मी में सत्तू का सेवन शरीर को भीतर से ठंडक पहुंचाने का काम करता है। इसका सेवन नियमित रूप से करने से बॉडी हाइड्रेट बनी रहती है। एक्सपर्ट्स की मानें तो सत्तू की तासीर ठंडी होती है, खाली पेट सत्तू पीने से पेट और शरीर में ठंडक बनी रहने के साथ व्यक्ति का लू से भी बचाव हो सकता है।

## पेट रहेगा दुरुस्त

सत्तू में मौजूद फाइबर की मात्रा पाचन संबंधी समस्याओं में राहत पहुंचाने का काम करती है। इसका सेवन करने से मल त्यागने की प्रक्रिया ठीक बनी रहती है। जिससे पेट साफ रहता है और व्यक्ति को पेट से जुड़ी बीमारियों जैसे कब्ज,पेट दर्द, एसिडिटी में आराम मिलता है।

## डायबिटीज कंट्रोल

डायबिटीज रोगियों के लिए भी सत्तू का सेवन बेहद फायदेमंद होता है। इसके नियमित सेवन से ब्लड शुगर कंट्रोल रहता है। सत्तू में ग्लाइसेमिक इंडेक्स की मात्रा बहुत कम होती है। जिससे डायबिटीज रोगियों की सेहत को फायदा मिल सकता है। यदि आप डायबिटीज से जूझ रहे हैं तो इसे अपनी डाइट में सत्तू को शामिल कर सकते हैं।



## वेट लॉस

अगर आप बढ़ते वजन को कम करने की अपनी सभी कोशिशें करके थक चुके हैं तो अपनी डाइट में सत्तू को शामिल कर लें। सत्तू का सेवन शरीर में पोषक तत्वों की कमी पूरी करके पेट को भरा रहने का अहसास करवाता है। जिससे व्यक्ति को बार-बार अनहेल्दी फूड की क्रेविंग नहीं होती और वो ज्यादा खाने से बच जाता है। इसके अलावा सत्तू एक लो कैलोरी और हाई फाइबर सुपरफूड भी है,जो मेटाबॉलिज्म बूस्ट करने के साथ वजन को कम करने में भी मदद करता है।

## आयरन की कमी

सत्तू में मौजूद आयरन की मात्रा शरीर में हीमोग्लोबिन का लेवल बढ़ाकर खून की कमी को पूरा करने में मदद करती है। सत्तू के नियमित सेवन से एनीमिया जैसी बीमारियों को मात दी जा सकती है। बता दें, भारत में ज्यादातर महिलाएं एनीमिया की शिकार हैं, ऐसे में सत्तू का सेवन उनके लिए काफी फायदेमंद हो सकता है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

संक्षेप...

## भिवंडी में 36 लाख का पावडर चोरी

**भिवंडी.** शुगर की बीमारी में इस्तेमाल होने ग्लिक्लेजाइड आईपी पाउडर की हेराफेरी कर नकली पाउडर गोदाम में रखे जाने का मामला प्रकाश में आया है. जानकारी मिलने पर व्यापारी ओनर सवाई सिंह शेखावत ने नारपोली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराया है. नारपोली पुलिस ने आईपीसी की धारा 406,407 के तहत केस दर्ज कर लिया है.

व्यापारी शेखावत ने चीन देश से एजेंट द्वारा ग्लिक्लेजाइड आई पी पाउडर मंगाया था. पावडर को हिमाचल प्रदेश के एक कंपनी में भेजना था.नवीं मुंबई के न्हावाशेवा पोर्ट से ट्रक के माध्यम से 20 ड्रमों में भरा यह आईपी पाउडर रहनाल गांव के मुनिसूरत कॉम्प्लेक्स स्थित कंपनी के गोदाम में पहुंचाना था. 36,61,751रुपए के आईपी पाउडर के जगह पर नकली पाउडर डालकर गोदाम में पहुंचाया गया. जानकारी मिलने पर व्यापारी ने अज्ञात वाहन ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कराया है. जांच पुलिस उप निरीक्षक आशिष पवार कर रहे हैं.

# सीएसटी स्टेशन पर पकड़ा गया 60 लाख रुपए नगद




**1 मार्च से 11 अप्रैल तक 421. 41 करोड़ की जब्ती**

| | |
|---|---|
| कैश | 39.10 करोड़ |
| शराब | 27.18 करोड़ |
| ड्रग्ज | 212.82 करोड़ |
| मूल्यवान वस्तु | 63.82 करोड़ |
| फ्रिब्रिज | 47 लाख |
| अन्य | 78.02 करोड़ |
| कुल | 421.41 करोड़ |

■ **कैश वाले कार्टून को मिठाई का नाम दिया**

**मुंबई.** छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पर मंगलवार को नागपुर से आयी दूरंतो ट्रेन के पार्सल बोगी में 60 लाख रूपया नगद पकड़ा गया। सीनियर इंस्पेक्टर विजय तायडे ने बताया कि आरपीएफ ने जब पार्सल बोगी की तलाशी ली तो 210 कार्टून में तीन कार्टून संदिग्ध नजर आए। जीआरपी ने कार्टून खोला तो एक कार्टून में 40 लाख और दूसरे में 20 लाख रूपया नगद पाया गया। जिसके बाद यह मामला आयकर विभाग को सुपुर्द कर दिया गया। बता दे कि इस बोगी को साईं लॉजिस्टिक ने लीज पर लिया है आयकर विभाग जांच में जुटी हुई है। यह 60 लाख किसने किसे भेजा था अभी तक इस बारे में जानकारी स्पष्ट नहीं है पुलिस और आयकर विभाग मिलकर आगे की जांच कर रही है। रेलवे के बैगेज को पार्सल कोड दे दिया जाता है। जिसके अनुसार पुलिस उस पार्सल कोड का सत्यापन करके जांच कर रही है कि नागपुर-मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस में पैसे किसने रखे थे। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इस वक्त देशभर में आचार संहिता चल रही है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि इस दौरान अतिरिक्त कैश ले जाने में सक्षम नहीं होने के बावजूद इतना कैश किसने और किसके लिए भेजा गया । बता दे कि चुनाव अवधि के दौरान कोई भी व्यक्ति 50 हजार से अधिक नहीं ले जा सकता । लेकिन अभी भी कई लोग जरूरत से ज्यादा कैश लेकर चल रहे हैं. चुनाव आयोग ने अपने 75 साल के इतिहास में सबसे अधिक मात्रा में नकदी जब्त की है।

## पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे को मिली जान से मारने की धमकी



■ **आरोपी ने फोन कर गंभीर परिणाम भुगतने की बात कही**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी है। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि उन्हें सोमवार को एक अज्ञात नंबर से धमकी भरा फोन आया, जिसके बाद उन्होंने जलगांव जिले के मुक्ताई नगर पुलिस से संपर्क किया। उन्होंने बताया कि शिकायत के अनुसार, फोन करने वाले ने खडसे को धमकी देते हुए गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम और छोटा शकील का नाम लिया। अधिकारी ने बताया कि फोन करने वाले का अभी तक पता नहीं चल सका है।

**मामले की चल रही है जांच**

पुलिस ने कहा कि खडसे की शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्रासंगिक प्रावधानों के तहत गैर-संज्ञेय अपराध दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पूर्व मंत्री को पहले भी धमकी भरे फोन आए थे।

# महिला को घूरने का विरोध करने पर चाकू से हमला



■ **एक व्यक्ति घायल**

■ **कल्याण स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा खतरे में**

उल्हास विकास संवाददाता

**कल्याण.** मंगलवार की देर रात कल्याण स्टेशन पर एक सरफिरे ने धारदार चाकू से हमला कर एक व्यक्ति को लहूलुहान कर दिया। घायल का नाम राजू बताया जा रहा है। इस मामले में कल्याण रेलवे पुलिस ने चाकू मारने वाले उमा कांबले नामक 42 वर्षीय सरफिरे को गिरफ्तार कर लिया, जो टिटवाला के पास खडवली का रहने वाला है।

कल्याण जीआरपी के इंचार्ज पंढरीनाथ कांदे ने बताया कि यह घटना रात 12:30 बजे की है। उमा कांबले व्यक्ति नशे में था, और बुकिंग कार्यालय के बाहर एक महिला को घूर-घूर कर देख रहा था। महिला का पति देवा और उसका दोस्त राजू दोनों साथ में थे। राजू ने आरोपी से पूछा कि घूर-घूर कर क्यों देख रहे हो। इसी बात पर गुस्से में आकर उमा ने उसके पास मौजूद धारदार चाकू से राजू पर हमला कर दिया। घटना में घायल राजू को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं रेलवे पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। थाना इंचार्ज कांदे ने बताया कि मामला दर्ज करने के बाद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया

## सेंचुरी रेयॉन में रामनवमी उत्सव का आयोजन



**शहाड.** शहाड स्थित सेंचुरी रेयॉन कॉलोनी परिसर में राम नवमी के उपलक्ष्य में मैथीलीशरण एवम उनकी भजन मंडली ने कई राममय भजन प्रस्तुत किए.

इस अवसर पर सेंचुरी रेयॉन के सीईओ ओ. आर. चितलांगे ने सपत्निक एवं सेंचुरी परिवार के भक्तों ने भगवान श्रीराम की पूजा श्री मैथिली शरण जी के मंत्रोच्चारण के साथ की। इस पावन पर्व पर,राम जन्म के समय सभी श्रद्धालुगण राम झूला को झूला कर पुण्य के भागी बने। रामजनमोत्सव का संपूर्ण कार्यक्रम श्रीमती संतोष चितलांगे की देखरेख में संपन्न हुआ.

# भाजपा में शामिल हुए प्रकाश मुथा

■ **कार्यकर्ता सम्मेलन में औपचारिक रूप से किया बीजेपी में प्रवेश**

■ **चुनावी मौसम में मुथा के जाने से कांग्रेस को हो सकता है नुकसान**

उल्हास विकास संवाददाता



**कल्याण.** इंटक के प्रदेश अध्यक्ष एवं राजस्थान जैन संघ के अध्यक्ष प्रकाश मुथा के भाजपा में जाने से कांग्रेस पार्टी को कल्याण में बड़ा झटका लगा है। प्रकाश मुथा शिक्षण मंडल के सभापति रह चुके हैं और कांग्रेस के पुराने नेता है। मुथा को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण का काफी करीबी माना जाता है। यहीं कारण है कि अशोक चव्हाण के बीजेपी में शामिल होते ही प्रकाश मुथा ने बीजेपी का दामन थाम लिया। मंगलवार को राज्य के लोक निर्माण मंत्री रविंद्र चव्हाण, केंद्रीय मंत्री कपिल पाटील, कल्याण पश्चिम के विधायक विश्वनाथ भोईर, पूर्व विधायक नरेंद्र पवार, राकांपा के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अप्पा शिंदे की उपस्थिति में अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ प्रकाश मुथा ने औपचारिक रूप से भाजपा में प्रवेश किया। लोकसभा चुनाव के ऐन मौके पर मुथा का पार्टी छोड़ना कांग्रेस के लिए काफी नुकसान माना जा रहा है। बतादें कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण के भाजपा में जाने के बाद यह अटकलें लगाई जा रही थी कि मुथा कभी-भी कांग्रेस का दामन छोड़ सकते हैं। आखिरकार मंगलवार रात बीजेपी के कार्यकर्ता सम्मेलन में हजारों लोगों की उपस्थिति में उन्होंने कांग्रेस का हाथ छोड़कर बीजेपी का दामन थाम लिया।

**कांग्रेस छोड़ने से राजनीतिक भूचाल**

प्रकाश मुथा एक कद्दावर नेता हैं। उनकी कल्याण के व्यापारियों में गहरी पैठ है। इसके अलावा शिक्षण संस्थानों में भी उनका विशिष्ट स्थान है। इसलिए पार्टी से अलग होने के बाद कांग्रेस में राजनीतिक भूचाल आ गया है, और भाजपा को मुथा के रूप में एक अनुभवी राजनीतिक चेहरा मिल गया है।

# FDA ने गुटखा विक्रेता पर की कार्रवाई

**उल्हासनगर.** अन्न व औषधि प्रशासन विभाग द्वारा एक व्यक्ति पर गुटखा जमा कर बेंचने के कारण कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित गुटखा जब्त किया गया है। विठ्ठलवाड़ी पुलिस में इसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस द्वारा सूचित किए जाने पर अन्न व औषधि प्रशासन विभाग ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। शहर में लगभग हर पान की दुकान पर प्रतिबंधित गुटखा धड़ल्ले के साथ बेचा जा रहा है, कानूनन प्रतिबंध लागू है लेकिन तमाम गुटखा माफियाओं को इससे कोई फर्क नही पड़ रहा है।

विठ्ठलवाड़ी पुलिस द्वारा कैंप चार में प्रतिबंधित गुटखा बरामद किया गया और इसकी सूचना अन्न व औषधि विभाग को दी गई। सतरामदास अस्पताल के पास बैरक नंबर 1572, मोती श्रीचंद वलेचा के घर से अन्न व औषधि विभाग की अधिकारी अरुणा वीरकायदे ने अलग अलग आकार की छह छोटी गोनी में रखा गुटखा बरामद किया। पकड़े गए प्रतिबंधित गुटखे की कीमत 29 हजार 290 रुपए बताई गई है। अरुणा वीरकायदे की शिकायत पर विठ्ठलवाड़ी पुलिस ने अन्न सुरक्षा कानून व अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर यह गुटखा कहाँ से आया और किसे बेंचा जाना था इसकी जांच कर रही है।

# स्वानंद बाबा आश्रम में रामनवमी उत्सव



**ठाणे.** ठाणे पश्चिम येऊर स्थित परम पूज्य स्वानंद बाबा आश्रम में परम पूज्य स्वानंद बाबा सेवा न्यास की तरफ से रामनवमी के पावन पर्व पर पूजा अर्चना की गई। इसमें सभी उपस्थितजनों ने भगवान श्रीराम के साथ स्वानंद बाबा की जयकारा के साथ भगवान श्रीराम के आगे नतमस्तक हुए। स्वानंद बाबा की समाधी पर भगवान श्रीराम के तीर कमान की पूर्णाकृति वाली राम धनुष रंगोली आकर्षक का केंद्र थी।

इस मौके पर प्रमुख ट्रस्टी एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ल, पंडित दुर्गाप्रसाद पाठक एवं ट्रस्टी शांति शुक्ला ने सभी उपस्थित जनों का स्वागत किया। इस मौके पर आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली, वरिष्ठ पत्रकार श्रीनारायण तिवारी, सय्यद सलमान, महाराष्ट्र राष्ट्रवादी कांग्रेस के प्रवक्ता एड अरविंद तिवारी, मुंबई भाजपा के प्रवक्ता उदयप्रताप सिंह, राकेश पांडे, सुरेंद्र सिंह, विपेंद्र पाठक, राजेश दुबे, शिवसागर मिश्रा, अनिल मिश्रा उपस्थित थे। इन मौके पर कन्या पूजन व हवन भी संपन्न हुआ। कन्याओं के पूजन के बाद उन्हें दक्षिणा, चुनरी, उपहार आदि प्रदान किया गया। इस मौके पर भजन गीतों की प्रस्तुति की गई। बाद में आयोजित भंडारा में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

# आर्थिक स्थिति को मात कर आगे बढ़ें -डॉ. संतोष जाधव

**सम्राट अशोक विद्यालय में विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री व नोटबुक का वितरण कार्यक्रम संपन्न**

उल्हास विकास संवाददाता




**कल्याण.** मैं एक गरीब किसान का बेटा हूं और मैंने अपने जीवन में कई परिस्थितियों का सामना किया है, लेकिन मैं डरा नहीं और डॉक्टर बना. आपकी आर्थिक स्थिति कैसी भी हो, घबराएं नहीं। स्वयं अध्ययन करें और आगे बढ़ें, सफल होंगे.

सम्राट अशोक विद्यालय में एक कार्यक्रम में डॉ. संतोष जाधव ने कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। पाली भाषा प्रचार एवं प्रसार ट्रस्ट द्वारा संचालित कल्याण के सम्राट अशोक विद्यालय में जनभागीदारी के माध्यम से प्राचार्य गुलाबराव पाटिल ने सभी छात्रों को मुफ्त शैक्षणिक सामग्री और स्कूल नोटबुक प्रदान करने का निर्णय लिया।

गणमान्य व्यक्तियों द्वारा आठवीं से दसवीं कक्षा के छात्रों को स्कूल नोटबुक भेंट की गई.

गौरी विनायक बिल्डर्स एंड डेवलपर्स के निदेशक संजय शेठ गायकवाड़, अध्यक्ष पी.टी. धनविजय की प्रमुख उपस्थिति में तथा स्कूल के प्राचार्य गुलाबराव पाटिल, साथी शिक्षक गणेश पाटिल, ओमप्रकाश धनविजय, संगीता पाटिल, नयना वाबले, माधुरी काले, उर्मिला साबले और शोभा देशमुख की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ.

# मां बनना चाहती हैं तनीषा मुखर्जी

■ **बोलीं- शादी और बच्चा दोनों करना चाहती हूं; कोई पसंद का मिला ही नहीं**



तनीषा मुखर्जी ने फिल्मों से लेकर रियलिटी शो तक काम किया है। हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में बात की। दरअसल, तनीषा अपनी अपकमिंग फिल्म 'लव यू शंकर' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में तनीषा ने एक मां का किरदार निभाया है। 46 साल की तनीषा ने असल जिंदगी में अब तक शादी नहीं की है। लेकिन बातचीत के दौरान तनीषा ने बताया कि वो मां बनना चाहती हैं।

इंटरव्यू के दौरान तनीषा ने बताया कि वो शादी और बच्चा दोनों ही करना चाहती हैं। लेकिन उन्हें अभी तक कोई ऐसा मिला नहीं है, जिसके साथ वो आगे बढ़ने के बारे में सोचे।

फिल्म में मां बनने के एक्सपीरियंस पर बात करते हुए तनीषा ने कहा- मां बनने का एक्सपीरियंस बहुत ही प्यारा होता है। उन्होंने कहा कि मैं असल जिंदगी में अब-तक मां नहीं बन पाई हूं, लेकिन मैं ने ऑनस्क्रीन मां बनने का खूब फायदा उठाया है। मैंने अपने ऑनस्क्रीन बच्चे के साथ खूब मस्ती की। शादी करने पर उन्होंने कहा कि अभी उसके लिए लड़का ढूंढना पड़ेगा। इसमें काफी समय लग सकता है।

## आम सूचना

हम श्री संजय वामन सदविलकर व श्रीमती संजना संजय सदविलकर सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम, आर.के. इंडस्ट्री के पास, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 41सीआय009393800) उक्त प्रॉपर्टी श्री वामन गणपत सदविलकर के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 9.5.2011 द्वारा हमें दी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री संजय वामन सदविलकर**
**व श्रीमती संजना संजय सदविलकर**

## आम सूचना

मैं श्री मोहम्मद याकूब इस्लाम उल्ला सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, बैरक नं. 1982 के सामने, रुम नं. 13, सेक्शन 40, उल्हासनगर-5. (टैक्स नं. 58डीआय012437400) उक्त प्रॉपर्टी श्री राजेश साबूमल दावानी व श्री पिंटू राजकुमार डेम्बा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 16.4.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री मोहम्मद याकूब इस्लाम उल्ला**

## आम सूचना

मैं श्री हरेशचंद्र मोतीलाल कनौजिया सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, ग्राऊंड फ्लोर व पहला माला, बैरक नं. 957 के पास, रुम नं. 18, सेक्शन 22, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 34सीओ0200997200) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती ज्योति हरेश माखीजा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 15.4.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री हरेशचंद्र मोतीलाल कनौजिया**

## आम सूचना

मैं श्रीमती शारदाबाई बापूराव बेहेरे सभी को सूचित कर रही हूं कि पोर्शन ऑफ रुम, सीताराम नगर, संतोषी माता मंदिर के पास, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 40सीओ009019300(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती इंदिरामनी साईराम अय्यर के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 13.4.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती शारदाबाई बापूराव बेहेरे**

## आम सूचना

मैं श्री दिलीप गुलाबराय तलरेजा सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 404, चौथा माला, राखी अपार्टमेंट (टॉवर), ब्लॉक नं. सी-680, सी-681, रुम नं. 1360-1361 उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 49सीआय010737400) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती पूनम हरेश मुलानी अल्यास रानी गुलाबराय तलरेजा, श्री सनदया बागू वाधवा अल्यास सुनिता गुलाबराय तलरेजा व श्रीमती दिया नविन पंजाबी अल्यास माता गुलाबराय तलेजा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 14.4.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।


सही/-
**श्री दिलीप गुलाबराय तलरेजा**

## आम सूचना

मैं श्री नवल पांडुरंग शीरवालकर सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 101, पहला माला, शारदा कैस्टल, बी विंग, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 43सीआय013266200) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती निशा विशनदास बठिजा के नाम पर है। मुझे श्री पांडुरंग श्रीपत शीरवालकर, उजवला पांडुरंग शीरवालकर व मिथिला पांडुरंग शीरवालकर ने रिलीज ग्रीमेंट दि. 1.4.2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री नवल पांडुरंग शीरवालकर**




संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099